Title: Need to provide financial assistance to State Government of Rajasthan for providing relief to the people affected by famine.

श्री भेरूलाल मीणा (सलूम्बर) : सभापति महोदय, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग करता हूं कि देश में अकाल की स्थिति भयंकर है और खास कर राजस्थान में देश के अन्य भागों से अधिक है। प्रधान मंत्री जी से अनुरोध है कि समय रहते राजस्थान में अकाल राहत कार्य आरम्भ कराने के लिए पर्याप्त धनराशि शीघ्र आवंटित की जाए जिससे गरीब बेरोजगार जनता को भुखमरी से बचाया जा सके। अकाल राहत कार्य न खुलने के कारण लोगों के पास कोई रोजगार नहीं है। इस वर्ष बरसात भी नहीं हुई है जिससे दोनों फसलें नहीं के बाराबर हुई हैं। आम जनता और पशुओं के लिए पीने के पानी की भारी कमी है। पेय जल, मजदूरी, पशुओं के लिए चारा, अनाज की आपूर्ति इत्यादि की व्यवस्था कर समस्या का समाधान करना अति आवश्यक है। खाद्यान्न के लिए गेहूं का कोटा बढ़ाया जाए तथा १०-१५ किलोग्राम प्रति व्यक्ति को उचित मूल्य की दुकान से अनाज उपलब्ध कराया जाए। पेय जल की समस्या के समाधान हेतु हैंड पंप लगाए जाएं। जहां कुंए हैं उन्हें और गहरा कराया जाए तथा जहां नए कुंए खोदे जा सकते हैं, वहां नए कुंए खुदवाने का काम शीघ्र करवाया जाए। उक्त सभी कार्यों के शीघ्र क्रियान्वयन हेतु राजस्थान सरकार को २५ हजार करोड़ रुपए की राहत राशि आवंटित की जाए ताकि प्रभावित जनता को राहत प्रदान की जा सके।